Vision Australia

अपने लॉकर को व्यवस्थित और इस्तेमाल कैसे करें

अपनी चीज़ों को व्यवस्थित रखने के लिए आप अपनी कक्षा में एक लॉकर या टब का प्रयोग कर सकते/ती हैं। चाहे आप इन्हें कहीं भी रखें, यह आपका स्थान होता है। लक्ष्य? अपनी आवश्यकता की चीज़ को अपनी आवश्यकता के समय खोजना आसान बनाना।



अपने लॉकर को साफ रखने के आसान तरीके

- अपने दैनिक इस्तेमाल की चीजें एक ही जगह पर रखें
- जो चीज़ें दैनिक इस्तेमाल की नहीं हैं, उन्हें कहीं और रखें, जैसे अतिरिक्त पेंसिलें या अपना लंचबॉक्स
- अपनी जगह को ज़रूरत से ज़्यादा न भरें; कम सामान से चीज़ें ढूँढना आसान होगा
- चीज़ों को हमेशा उसी स्थान पर वापस रखें।



अपनी दृष्टि के अनुसार चीज़ों को आसान बनाएँ

- अपनी चीज़ों की अलग-अलग पहचान करने के लिए अलग-अलग बनावटों या लेबलों का इस्तेमाल करें।
- अलग-अलग हिस्सों को पहचानने के लिए उभरे हुए स्टिकर, बड़े अक्षरों में लिखे लेबल या उभरे हुए बम्प डॉट्स का इस्तेमाल करें
- एक-समान चीज़ों को एक साथ रखें (सभी किताबें एक-साथ, सभी टेक्सट एक साथ)
- जहाँ हो सके, चमकीले रंगों का प्रयोग करें।



इसे सरल रखें

- चीज़ों का प्रयोग करने के बाद इन्हें वापस रख दें
- स्कूल छोड़कर जाने से पहले जल्दी से जांच कर लें, ताकि आप अगले दिन के लिए तैयार हों
- यदि कुछ बदल जाता है, जैसे कि बड़ा पेंसिल केस लेना, तो इसके लिए नया स्थान खोजें।

एक काम, जो आपको करना है

अपनी किताबों, पेंसिल केस या लंचबॉक्स के लिए एक स्थान चुनें और इस सप्ताह इन्हें वापस उसी स्थान पर रखें।

आप यह कर सकते/ती हैं

यदि शुरू में बातें कठिन लगें, तो कोई बात नहीं। जब आपको ज़रूरत हो तो सहायता की मांग करें, अपना समय लें और याद रखें कि नए काम सीखने में अभ्यास की ज़रूरत होती है। चीज़ों को हरेक दिन एक ही स्थान पर रखने से उन्हें खोजना अधिक आसान हो जाता है।

